राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–95/2026

राज्यपाल ने बिहार भ्रमण पर आए पंजाब के प्रतिनिधिमंडल के साथ संवाद किया

पटना 29 मई, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अंतर्गत युवा संगम फेज–6 कार्यक्रम के तहत बिहार भ्रमण पर आए पंजाब के प्रतिनिधिमंडल के साथ बिहार लोक भवन के दरबार हॉल में संवाद किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ज्ञान ही वास्तविक शक्ति है और युवाओं को बहुआयामी ज्ञान अर्जित करने का निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने उनसे ज्ञान, भूगोल, इतिहास तथा भारतीय सभ्यतागत विरासत के प्रति गहरी समझ विकसित करने का आह्वान करते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ–साथ व्यापक सामान्य ज्ञान, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय दृष्टिकोण भी आवश्यक है।

राज्यपाल ने पंजाब और बिहार की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा सामरिक महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार भारत की प्राचीन सभ्यता, ज्ञान और आध्यात्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। मौर्य और गुप्त साम्राज्य जैसी महान ऐतिहासिक परंपराएँ बिहार की धरती से जुड़ी रही हैं तथा बौद्ध और जैन धर्म का उद्भव भी इसी क्षेत्र से हुआ। उन्होंने तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार विभिन्न आस्थाओं और संस्कृतियों का संगम है।

उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय की गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राचीन काल में विश्व के विभिन्न देशों से विद्वान यहाँ अध्ययन के लिए आते थे। उन्होंने आज पुनः नालंदा की ज्ञान परंपरा को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने बिहार की उर्वर भूमि, भागलपुरी सिल्क, मिथिला क्षेत्र के मखाना तथा राज्य की कृषि क्षमता की भी सराहना की। साथ ही कहा कि आधारभूत संरचना, विधि–व्यवस्था, अनुसंधान संस्थानों, उद्यमिता और तकनीकी विकास के माध्यम से बिहार तीव्र प्रगति की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

आई०आई०टी०, रोपड़ के नेतृत्व में आए इस प्रतिनिधिमंडल में पंजाब के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र–छात्राएँ शामिल थे। बिहार में इस कार्यक्रम का समन्वय आई०आई०टी०, पटना द्वारा किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, आई०आई०टी०, रोपड़ एवं आई०आई०टी०, पटना के प्रतिनिधिगण, प्रतिनिधिमंडल के सदस्यगण, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....